>

Title: Need to open an LPG Agency within the limits of Municipal Corporation area in Salempur Parliamentary Constituency, Deoria, Uttar Pradesh-Laid.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर, जो नगर का मुख्यालय है, के शहरी क्षेत्र में 40 हजार के करीब परिवार रहते हैं एवं इसमें 15 हजार परिवार सरकारी सेवा से जुड़े हैं। सलेमपुर के नगर पंचायत क्षेत्र में एक भी एल पी जी एजेंसी नहीं है जिसके कारण सलेमपुर क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को एल पी जी की सुविधा के लिए कई दिक्कतें हो रही हैं। सलेमपुर के तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में एल पी जी एजेंसी है जहां सयम पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं होने से एक गैस सिलेंडर पांच सौ रूपए में बेचा जा रहा है। एल पी जी की आपूर्ति में जो नियम हैं उनका खुले आम उल्लंघन हो रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सलेमपुर तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत गैस एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा की जाये और सलेमपुर के नगर पंचायत क्षेत्र में एक एल पी जी गैस एजेंसी खोली जाये।